कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक 25.01.2022

गर्ल्स कॉलेज में
राष्ट्रीय मतदाता दिवस

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं को मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ दिलाई।

उन्होनें अपने उद्बोधन में कहा कि समावेशी, सुगम एवं सहभागी निर्वाचन के लिए हम सभी कृतसंकल्प है। आज मतदाता दिवस पर हम सभी विश्व की सबसे बड़ी प्रजातांत्रिक प्रणाली को सुदृढ़ एवं निष्पक्ष बनाने तथा निर्वाचन की गरिमा बनाये रखने तत्पर है।

महाविद्यालय के मतदाता जागरूकता अभियान प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक ने जागरूकता अभियान की जानकारी दी।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े ने बताया कि रासेयो शिविर के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने ग्राम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत रैली, रंगोली तथा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल के विद्यार्थियों के लिये किया और उन्हें पुरस्कार भी दिये गये।

मतदाता दिवस के अवसर पर प्राध्यापक एवं छात्रायें ऑनलाईन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल हुए।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)